# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 27 मार्च, 2017/ 6 चैत्र, 1939 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देशीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न - 24**

----

### योजनाओं की डी0पी0 आर0

1657 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर** (**जोगिन्द्रनगर**)ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रधान मन्त्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत जिला मण्डी के विकास खण्डों क्रमशः चौंतड़ा व द्रंग में कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 कितनी-कितनी धनराशि की बनाई गई; इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

### सामग्री की आपूर्ति

1658 **श्री महेन्द्र सिंह** (**धर्मपुर**)ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा कितनी-कितनी मात्रा में  सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग की पाइपें, आंगनबाड़ी व बालबाड़ियों को खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य विभाग की दवाइयां-खाद्य वस्तुएं जैसे दाल-चीनी-चावल-तेल-नमक-आटा, लोक निर्माण विभाग के लिए सीमेंट-तारकोल, शिक्षा विभाग के लिए स्कूल की वर्दी का कपड़ा क्रय किया गया; ब्यौरा वस्तुओं की मात्रा और धनराशि का वर्षवार दें;

(ख) इन वस्तुओं के क्रय की प्रक्रिया का ब्यौरा क्रय कमेटियों के नाम व पद सहित दें;

(ग) कितने सैम्पल्ज लिए गए; उनमें कितने घटिया पाए गए और क्रय की गई सामग्री किन-किन कम्पनियों से प्राप्त की गई; और

(घ) ऐसी कितनी कम्पनियां है जो ब्लैकलिस्ट थीं और उनसे सामग्री क्रय की गई; ब्यौरा दें?

----

## बस डिपो कुल्लू

1659 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम के कुल्लू डिपो में बसों की स्वीकृत संख्या कितनी है और कितनी बसें उपलब्ध हैं; ब्यौरा वोल्वो, A.C. 52 सीटर व 44 सीटर बसों का अलग-अलग दें;

(ख) मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस रूट पर बस चलाने की मांग सरकार को भेजी गई; इस डिपो में ड्राइवर और कंडक्टरों की संख्या कितनी हैं तथा ड्राइवरों और कंडक्टरों के अभाव में कितनी बसें खड़ी हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) कितने ड्राइवर और कंडक्टरों की कमी है और इसे दूर करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## गौ-सदन

1660 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में किस-किस पंचायत में गौ-सदन बनाने हेतु भूमि का चयन कहां-कहां कर लिया है;

(ख) इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) इन गौ सदनों में कितनी गाय, बैल व सांड कब-कब से हैं; ब्यौरा दें ?

----

## व्यक्ति की गिरफ्तारी

1661 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 17 दिसम्बर, 2016 को जिला कुल्लू पुलिस द्वारा सिधवा (बंजार) में स्थित Believer's Church से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था; यदि हां, तो क्या राज्य पुलिस को गुप्तचर एवं अन्वेषण एजेंसियों से रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है; और

(ख) सरकार द्वारा इस रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत सड़कें

1662 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कें नाबार्ड की स्वीकृति हेतु लम्बित हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा इनकी स्वीकृति हेतु क्या-क्या पग उठाए गए हैं?

----

## खेल संस्थान

1663 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बद्ध खेल संस्थान मनाली द्वारा कितने प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है; ब्यौरा दें;

(ख) इस संस्थान में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ग) सरकार ने क्या इसके सुदृढ़ीकरण हेतु कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है; ब्यौरा दें?

----

## विकास खण्ड अधिकारी का तबादला

1664 **श्री राकेश कालिया (गगरेट)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हाल ही में सरकार द्वारा विकास खंड गगरेट के विकास खण्ड अधिकारी का स्थानान्तरण किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस अधिकारी ने नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है; यदि नहीं; तो कारण?

----

## प्रभावित क्षेत्र में विकास कार्य

1665 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य अभियंता भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा Local Area Development Fund के अन्तर्गत प्रभावित क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य किये गए; और

(ख) इस फंड से इन कार्यों के लिए कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## Condition Of Mooling Bridge

1666 **Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-
(a) whether it is a fact that Mooling Bridge which was constructed at a cost of Rs. 4 crores in 2015 collapsed within 2 months of its completion;

(b) what is the latest position of enquiry against erring officials of Mechanical wing of the department; and

(c) by when this Bridge will be reconstructed in the public interest?

----

## अग्निशमन केन्द्र

1667 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने Fire Station व Fire Post हैं; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद

स्वीकृत हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक कितने नए Fire Station व Fire Post खोले गए; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## सर्व शिक्षा अभियान

1668 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में सरकारी पाठशालाओं में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सभी पाठशालाओं में इन योजनाओं से क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं; ब्यौरा दें?

----

## मरम्मत हेतु धनराशि

1669 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में किन-किन पाठशालाओं के भवन निर्माण व मरम्मत हेतु धनराशि प्रदान की गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि प्राथमिक पाठशाला मलूंड गांव हेतु स्वीकृत थी; यदि हां, तो इसे अन्य गांव में खोलने के क्या कारण रहे?

----

## कर्मचारियों की नियुक्तियां

1670 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों के कितने पद रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार क्या जिला चम्बा में बेलदारों की भर्ती करने का विचार रखती है?

----

## वर्मी कम्पोजिट इकाई

1671 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 2 वर्षों में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात में वर्मी कम्पोजिट इकाइयों के लिए कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार व पंचायतवार, नाम पते व धनराशि सहित दें; और

(ख) इस अवधि में कितनी इकाइयां बनाई गईं तथा कितनी बन रही हैं; इनको बनाने का कितना लक्ष्य है तथा इनके निर्माण पर कितनी धनराशि दी जा रही है?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

1672 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 4 वर्षो में जिला चम्बा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व किस-किस कार्य पर व्यय की गई; ब्यौरा किए गए कार्य का धनराशि सहित दें; और

(ख) इस जिला में पर्यटन की दृष्टि से कितने पर्यटन, धार्मिक, ऐतिहासिक, प्राचीन स्थलों को चिन्हित किया गया है; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## पाठशालाओं में रिक्तियां

1673 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत चार वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने Vocational Teacher एवं सुरक्षा कर्मी पाठशालाओं में भर्ती किये गए; और

(ख) इनकी भर्ती का अनुबन्ध किस-किस कम्पनी से किया गया है; इनको कितना वेतन दिया जा रहा है तथा इनकी भर्ती के क्या मापदण्ड हैं; प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## शिलान्यास/उद्घाटन

1674 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन-किन कार्यों के

उद्‌घाटन व शिलान्यास किए गए तथा किस-किस के द्वारा किए गए; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इन योजनाओं के लिए किस-किस मद में धनराशि का प्रावधान कब-कब किया गया; ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत धनराशि

1675 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सम्पर्क मार्ग पजेरली तथा सम्पर्क मार्ग एस0सी0 बस्ती चाकला हेतु अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा इन सम्पर्क मार्गों का कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## प्रवक्ताओं की रिक्तियां

1676 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ व सराहां में प्रवक्ताओं के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## बिजली के खम्भे/ट्रांसफार्मर

1677 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बिजली के कितने नए ट्रांसफार्मर व खम्भे स्थापित किए व बदले गये; ब्यौरा दें?

----

## मनरेगा के अन्तर्गत कार्य

1678 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 01 मार्च, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक विकास खण्ड शिलाई में जो 29 पंचायतें पड़ती हैं; उनमें कितने कार्य मनरेगा के अन्तर्गत किए गए; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ख) इस अवधि तक कितने कार्य लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

1679 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत चार वर्षों में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना (SCCP) के अन्तर्गत कितनी सड़कें शामिल की गईं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## Distribution of Cheques to Industrial Workers

1680 **Sh. Vijay Agnihotri (Nadaun):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-
(a) during the last four years what is the constituency-wise details of the various items and cheques distributed to the workers by the Labour and other Construction Workers Welfare Board;

(b) what is criteria of eligibility for the workers to such items/cheques;

(c) whether the industrial workers qualify for the benefits being given by the board;

(d) whether the Pradhan/Up-Pradhan can verify the mandays of the so called workers; who have worked with the private contractors or in the fields of the farmers; and

(e) whether the office bearers of political parties are authorised to distribute the items/cheques to the beneficiaries publicly?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**
**Dated: 10th March, 2017.** **Secretary.**